हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, गुरुवार, 25 दिसंबर, 2025

13 पंचायत कम्प्यूटर ऑपरेटरों ने डीसी कार्यालय पर किया जोरदार प्रदर्शन



14 रतिया नगरपालिका कार्यालय से लैंड ब्रांच के नोटिफिकेशन...



**खबर संक्षेप**

### ठगी करने वालों को पुलिस ने पकड़ा

**फतेहाबाद।** बस स्टैंड पर बातों में उलझाकर एक व्यक्ति से सोने की अंगूठी ठगने के मामले में कार्रवाई करते हुए टोहाना पुलिस ने दो युवकों को काबू किया है। थाना शहर टोहाना के प्रभारी निरीक्षक कुलदीप सिंह ने बताया कि गांव दनौदा खुर्द, तहसील नरवाना, जिला जींद निवासी रामकलां पुत्र रूगा राम ने शिकायत दी थी कि 23 अक्टूबर की सुबह करीब 10:30 बजे वह अपने गांव से टोहाना अपनी बहन के घर आया था। बस स्टैंड टोहाना पर तीन अज्ञात युवकों ने उसे बातों में बहला-फुसलाकर धोखाधड़ी करते हुए उसकी करीब 5 ग्राम वजनी सोने की अंगूठी हड़प ली और मौके से फरार हो गए।

### मायके से बुलाकर सास के साथ की मारपीट

**फतेहाबाद।** पारिवारिक विवाद के दौरान एक महिला व उसके बेटों के साथ मारपीट तथा जान से मारने की धमकी देने के मामले में थाना शहर टोहाना पुलिस ने एक आरोपी साहिल को काबू किया है। इससे पूर्व इस मामले में चार आरोपियों को पहले ही काबू किया जा चुका है। थाना शहर टोहाना के प्रभारी निरीक्षक कुलदीप सिंह ने बताया कि वार्ड नंबर 13, गांधी नगर, टोहाना निवासी सरोज बाला पत्नी कृष्ण कुमार ने शिकायत दी थी कि दिनांक 18 नवंबर की शाम घरेलू विवाद के चलते उसकी पुत्रवधू द्वारा मायके पक्ष को बुला लिया गया। देर रात आरोपीगण घर में घुस आए और शिकायतकर्ता सरोज बाला के साथ गाली-गलौच करते हुए धक्का-मुक्की व मारपीट की।

### अवैध शराब लाहण रखने के आरोप में एक पकड़ा

**फतेहाबाद।** थाना सदर रतिया पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को काबू कर उसके कब्जे से 100 लीटर लाहण बरामद की है। थाना प्रभारी बिजेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस चौकी नागपुर की टीम गश्त के दौरान गांव बीराबदी ढाणी में मौजूद थी। इसी दौरान एक सूचना प्राप्त हुई कि मलकीत सिंह पुत्र हरबंस सिंह पुत्र पहलवान सिंह निवासी बीराबदी ढाणी, अवैध शराब निकालने का धंधा करता है और उसके पास लाहण मौजूद है। सूचना की पुष्टि होने पर पुलिस टीम द्वारा तुरंत कार्रवाई करते हुए मौके पर रेड की गई। रेड के दौरान आरोपी को खेत में बने तुड़ी के मकान में लोहे के ड्रम में लाहण को हिलाते हुए काबू किया गया।

### गोरखपुर : पुलिस ने सुमित उर्फ कांडी को पकड़ा

**फतेहाबाद।** गांव गोरखपुर में हुई चोरी के मामले में भूना पुलिस ने एक युवक को काबू किया है। पकड़े गए युवक की पहचान सुमित उर्फ कांडी पुत्र बोबली निवासी गोरखपुर के रूप में हुई है। इससे पहले इसी मामले में चार अन्य आरोपियों को पहले ही काबू किया जा चुका है। थाना प्रभारी ओमप्रकाश ने बताया कि शिकायतकर्ता फूल सिंह पुत्र गंगाबिशन निवासी गोरखपुर ने पुलिस को शिकायत दी थी कि वार्ड नंबर 19, जोहड़ धमाना, गोरखपुर स्थित उनके पुराने घर में चोरी की घटना हुई है।

### महिला को दी धमकी देने वाले आरोपी को किया काबू

**फतेहाबाद।** महिला को लगातार परेशान करने, धमकाने और सोशल मीडिया के माध्यम से डराने-धमकाने के मामले में थाना शहर फतेहाबाद पुलिस ने एक आरोपी को काबू किया है। थाना शहर फतेहाबाद के प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्रा ने बताया कि महिला की शिकायत के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी पंकज उर्फ पंकू पुत्र कृष्ण कुमार निवासी शक्ति नगर, फतेहाबाद को काबू किया गया। शिकायत में आरोप था कि आरोपी द्वारा पीड़िता के घर के बाहर बार-बार गाड़ी लेकर चक्कर लगाए जाते थे, परिवार के सदस्यों को धमकाया जाता था और पहले से दर्ज मामले में राजीनामा का दबाव बनाया जा रहा था।

## प्रदेश के ज्यादातर हिस्सों में बहुत घना कोहरा छाएगा

# सप्ताह बाद बादलों की ओट से निकले सूर्यदेव, अब शीत लहर ढाएगी सितम



फतेहाबाद। पार्क में धूप का आनंद लेते लोग। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जिले में पिछले करीब एक सप्ताह से जारी घने कोहरे और कड़ाके की ठंड के बीच बुधवार को मौसम के मिजाज में बड़ा बदलाव देखने को मिला। सप्ताहभर के लंबे इंतजार के बाद बुधवार सुबह से ही सुनहरी धूप खिली, जिससे लोगों को ठंडक से थोड़ी राहत मिली। पहाड़ों पर बर्फबारी होने और उत्तर-पश्चिमी ठंडी हवाओं की तेज रफ्तार ने वातावरण में सिहरन पैदा कर दी, जिससे धूप का असर हुआ कम। बुधवार को अधिकतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

■ पहाड़ों पर बर्फबारी होने और उत्तर-पश्चिमी ठंडी हवाओं के कारण ठंड बढ़ी

### फसलों के लिए 'अमृत' बनी धुंध

बीते एक सप्ताह तक सुबह के समय जिला पूरी तरह धुंध की आगोश में रहा, जिससे आम जनजीवन और यातायात बुरी तरह प्रभावित रहा। कृषि विशेषज्ञों की मानें तो यह धुंध गेहूं और सरसों की फसल के लिए 'अमृत' के समान रही है। कम तापमान और नमी के कारण फसलों में फुटाव बेहतर होगा, जिससे बंपर पैदावार की उम्मीद जगी है।

### मौसम विभाग ने जारी किया येलो अलर्ट

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, आने वाले दिन जिलेवासियों के लिए भारी पड़ सकते हैं। मौसम विभाग ने अगले 4 दिनों तक जिले में शीतलहर चलने का येलो अलर्ट जारी किया है। 27 दिसंबर के बीच प्रदेश के ज्यादातर हिस्सों में बहुत घना कोहरा छाएगा। विजिबिलिटी 50 मीटर से भी कम रह सकती है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार, एक वेस्टर्न डिस्टरबेंस सक्रिय है। इसके असर से पहाड़ों में बर्फबारी हो रही है। वहां से आ रही सीधी ठंडी हवाओं ने मैदानी इलाकों में ठिठुरन बढ़ा दी है। 28 दिसंबर के बाद एक और कमजोर पश्चिमी विक्षोभ आने की संभावना है, जिससे बादल छा सकते हैं। आगामी दिनों में सुबह के समय फिर से गहरी धुंध छा सकती है। उत्तर-पश्चिमी हवाओं के चलने से रात के तापमान में और गिरावट आने की संभावना है।

## लापरवाही बन सकती है जानलेवा

# सर्दी के मौसम में अंगीठी से बढ़ रहा खतरा: एसपी

**फतेहाबाद।** सर्दी के मौसम में तापमान गिरने के साथ ही अंगीठी एवं कोयले के उपयोग से होने वाले हादसों में प्रदेशभर में निरंतर वृद्धि देखी जा रही है। इस गंभीर विषय को ध्यान में रखते हुए पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने आमजन की सुरक्षा के लिए विशेष पुलिस एडवाइजरी जारी की है। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने कहा कि ठंड से बचाव के लिए बंद कमरों में अंगीठी या कोयला जलाकर सोना अत्यंत खतरनाक है, जो कई बार जानलेवा भी साबित हो सकता है। अंगीठी या कोयले के जलने से कार्बन मोनोऑक्साइड नामक जहरीली गैस निकलती है, जो रंगहीन एवं गंधहीन होती है। सोते समय व्यक्ति को इस गैस की मौजूदगी का अहसास नहीं होता और धीरे-धीरे शरीर में ऑक्सीजन की मात्रा कम होने लगती है। इसके परिणामस्वरूप व्यक्ति को चक्कर आना, घबराहट, सिर दर्द, उल्टी, बेहोशी तथा गंभीर स्थिति में मृत्यु तक हो सकती है। उन्होंने कहा कि हर वर्ष सर्दियों के मौसम में प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से इस प्रकार के दुखद हादसों की खबरें सामने आती हैं, जिन्हें थोड़ी सी सावधानी और जागरूकता से पूरी तरह रोका जा सकता है।



एसपी सिद्धांत जैन

### अवश्यक जानकारी

एसपी ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि कभी भी बंद कमरे में अंगीठी जलाकर न सोएं। यदि किसी कारणवश अंगीठी का उपयोग आवश्यक हो, तो कमरे में पर्याप्त वेंटिलेशन की व्यवस्था अवश्य रखें, जैसे दरवाजा या खिड़की थोड़ा खुला रखें। उन्होंने विशेष रूप से चेतावनी दी कि बच्चों, बुजुर्गों एवं बीमार व्यक्तियों के आसपास अंगीठी का प्रयोग अत्यधिक जोखिम भरा हो सकता है, इसलिए इससे यथासंभव बचना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि आजकल उपयोग में लाए जाने वाले गैस हीटर, ब्लोअर एवं रूम हीटर का इस्तेमाल करते समय भी पूरी सतर्कता बरतनी चाहिए। बिजली या गैस से चलने वाले उपकरणों को रातभर चालू छोडना भी दुर्घटना का कारण बन सकता है।

## केसीसी अकाउंट से 12 लाख रुपये निकाले

# साइबर ठगों ने रतिया के युवक को बनाया शिकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

साइबर ठगों ने रतिया के एक व्यक्ति को अपना शिकार बनाते हुए उसके केसीसी अकाउंट से लाखों रुपये निकाल लिए। सडक़ हादसे में भतीजे की मौत के कारण पीड़ित को पहले पता नहीं चला। बाद में जब उसने अपने मोबाइल को चैक किया तो ऑनलाइन ट्रांजेक्शन के मैसेज देखकर उसे अपने साथ हुए फ्रॉड का पता चला और उसने तुरंत इस बारे 1930 पर फोन कर शिकायत दर्ज करवाई। इस मामले में साइबर थाना फतेहाबाद पुलिस ने केस दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में गीता कालोनी, रतिया निवासी हरीश कुमार ने कहा है कि उसने स्टेट बैंक इंडिया, शाखा नई अनाज मण्डी, रतिया में अपना केसीसी खाता खुलवाया हुआ है। 17 दिसंबर से पहले उसकी लिमिट खाता में 11 लाख 45 हजार 524 रुपये उसकी तरफ बकाया था। 17 दिसंबर को उसने 11 लाख 50 हजार रुपये लिमिट खाता में जमा करवा दिया। इस प्रकार उसने बैंक की देय लिमिट राशि को अदा कर दिया था और उसके कुछ रुपये बैंक से लेने बचते थे। 20 दिसंबर को उसके लिमिट खाते में से ऑनलाइन ट्रांजेक्श्र के माध्यम से किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा 5 लाख रुपये निकाल लिए गए। इसके बाद 20 दिसंबर को ही दोबारा 2 लाख रुपये निकाले गए।

### हादसे में हुई थी भतीजे की मौत

शिकायतकर्ता ने बताया कि 18 दिसंबर को हमजापुर में हुए एक्सीडेंट में उसके भतीजे राकेश निवासी कुनाल की मौत हो गई थी। 20 दिसंबर को दिन में वह रस्म क्रियाओं में व्यस्त रहा। 21 दिसंबर को सुबह उठा तो उसने मोबाइल में पैसे ट्रांसजेक्शन के मैसेज देखे। इस पर उसने अपने साथ हुए साइबर फ्रॉड का पता चला और उसने इस बारे 1930 पर फोन करके शिकायत दर्ज करवाई। अब इस मामले में साइबर थाना फतेहाबाद पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

उसी दिन कुछ समय बाद 2 लाख रुपये की एन्ट्री वापस उसके खाते में जमा भी हो गई। उसके कुछ समय बाद ही फिर उसके खाते में से 1 लाख 99 हजार 999 रुपये ऑनलाइन ट्रांजेक्शन के मध्यम से निकाले गए और कुछ समय बाद यह राशि फिर से उसके खाते में जमा हो गई। इसके बाद उसके केसीसी खाते से 2 लाख 40 हजार रुपये, फिर 50 हजार रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर किए गए। 21 दिसम्बर को 4 लाख 14 हजार रुपये उसके खाते से फिर ऑनलाइन ट्रांसफर किए गए। यही नहीं, 21 दिसंबर को ही उसके सेविंग अकाउंट से 4600 रुपये निकाले गए।

### मैनेजर ने नहीं दिया कोई संतोषजनक जवाब

हरीश ने आरोप लगाया कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने पूरी साजिश के तहत उसके दोनों खाते से कुल 12 लाख 8 हजार 600 रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर किए हैं। जब उसने इस बारे बैंक अधिकारियों से सम्पर्क किया तो मैनेजर ने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। उलटा उसे ही कहा गया कि उसकी तरफ से ही कोई गलती हुई है जिस कारण उसके खाते से पैसा निकला है।

# अवैध बायो डीजल की सप्लाई पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 12 ड्रम जब्त



भूना। ऑटो मार्केट में अवैध तेल से भरी हुई पिकअप गाड़ी की जांच करती पुलिस।

**भूना।** उकलाना रोड स्थित ऑटो मार्केट में बुधवार को पुलिस और खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की संयुक्त कार्रवाई में बायो डीजल नुमा तेल से भरे 12 ड्रम बरामद किए गए। हालांकि छापेमारी के दौरान आरोपी मौके से फरार हो गए। खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के निरीक्षक आशीष कुमार की शिकायत पर पुलिस ने आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, जिस पिकअप गाड़ी से यह तेल सप्लाई किया जा रहा था, वह पहले भी अवैध तरीके से तेल की ढुलाई करते हुए पकड़ी जा चुकी है। कुछ महीने पहले इसी गाड़ी के जरिए तेल सप्लाई करते हुए मनोज नामक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया था। शहर के पेट्रोल पंप संचालक लंबे समय से इस अवैध बिक्री से परेशान थे। उनका कहना है कि बड़े वाहनों के ड्राइवर सस्ते तेल के लालच में पेट्रोल पंप छोड़कर सीधे इन लोगों से संपर्क करने लगे थे। यह बायो डीजल नुमा तेल पंप से करीब 20 रुपये प्रति लीटर सस्ता मिलता था, लेकिन यह वाहनों के लिए बेहद नुकसानदायक है। इससे इंजन के कल-पुर्जे जल्दी खराब हो जाते हैं और वाहन की कार्यक्षमता पर भी असर पड़ता है।

### गांजा तस्करी मामले में पुलिस ने मुख्य सप्लायर को किया काबू

**फतेहाबाद।** गांजा तस्करी के एक मामले में कार्रवाई करते हुए थाना सदर रतिया पुलिस ने मुख्य सप्लायर को काबू किया है। इससे पूर्व इसी मामले में एक अन्य आरोपी को भी काबू किया जा चुका है। थाना सदर रतिया के प्रभारी निरीक्षक बिजेंद्र सिंह ने बताया कि 25 नवंबर को थाना सदर रतिया पुलिस टीम द्वारा रतिया-लाली रोड पर नाकाबंदी के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति को काबू किया गया था। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 1 किलो 200 ग्राम गांजा बरामद हुआ। इस संबंध में थाना सदर रतिया में एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान पुलिस ने गांजा सप्लाई नेटवर्क की कड़ियां जोड़ते हुए मुख्य सप्लायर बारू उर्फ बरिया पुत्र कुडिय़ा निवासी ढाणी बाबनपुर, हाल निवासी गिलांवाली ढाणी, रतिया को काबू किया है।

## नशा मुक्ति संदेश वाहन को एसपी ने किया रवाना

# नशे के खिलाफ व्यापक जागरूकता मुहिम का आगाज

नशे की चेन तोड़ने के लिए सभी का सहयोग जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण ने कहा कि जिले में नशे की डिमांड को खत्म करने और युवाओं को नई राह दिखाने के लिए सिरसा पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ चलाई जा रही मुहिम से प्रभावित होकर नशे के खिलाफ इस लड़ाई में समाजिक संस्थाए आगे आ रही हैं। इसी कड़ी में बुधवार को '' आवाज सिरसा की वेलफेयर संस्था'' ने नशे के खिलाफ व्यापक जागरूकता मुहिम का आगाज किया।

एसपी दीपक सहारण ने नशा मुक्ति संदेश वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पुलिस प्रशासन नशे की सप्लाई चेन तोडऩे व नशे की डिमांड खत्म करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है, लेकिन नशे जैसी बुराई को जड़ से खत्म करने के लिए सामाजिक संस्थाओं, ग्राम पंचायतों, युवा क्लबों का आगे आना बहुत जरूरी है । आवाज सिरसा की वेलफेयर ट्रस्ट की यह पहल सराहनीय है। जब गांव के सरपंच और ग्रामीण खुद जागरूक होंगे, तभी हम नशे के सौदागरों को मात दे पाएंगे। उन्होंने कहा कि ट्रस्ट के प्रधान सुनील कंबोज के नेतृत्व में यह अभियान जिले के हर घर तक पंहुचकर नशा मुक्ति का संदेश देंगे।




सिरसा। नशा मुक्ति संदेश वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते एसपी।

### मुहिम को बनाएं कामियाब

पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण ने कहा कि यदि हम एकजुट होकर नशे को जड़ से खत्म करने के लिए संकल्प लेंगे तो अवश्य ही हम नशे के खिलाफ चलाई जा रही मुहिम में कामयाब होंगे। उन्होंने कहा कि जिला पुलिस द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान से प्रेरित होकर युवा नशा छोडने के लिए आगे आ रहे हैं और स्थानीय प्रशासन के सहयोग से नशे से पीड़ित युवाओं को दवाई दिलाकर उन्हें समाज की मुख्य धारा में लाया जा रहा है।





किसी गंभीर दुर्घटना या बीमारी के कारण कई बार हमारी स्पाइन विकारग्रस्त हो जाती है। इसके ट्रीटमेंट में वेसलप्लास्टी तकनीक काफी प्रभावी सिद्ध हो रही है। इसकी विशेषताओं के बारे में एक्सपर्ट डॉ. यहां विस्तार से बता रहे हैं।

# स्पाइन की कई समस्याओं से छुटकारा दिलाए वेसलप्लास्टी



ट्रीटमेंट
डॉ. सुदीप जैन
डायरेक्टर-स्पाइन सॉल्यूशंस इंडिया
नारायणा विहार, नई दिल्ली



रीढ़ की हड्डी (स्पाइन) से संबंधित कई समस्याओं के इलाज में वेसलप्लास्टी तकनीक, पीड़ितों के लिए नई उम्मीद की तरह विकसित हुई है। मौजूदा दौर में आमतौर पर पीड़ित व्यक्ति 'ओपन सर्जरी' से बचते हुए ऐसी सर्जरी कराने का इच्छुक रहता है, जिसमें कम से कम ऑपरेशन हो और जो सुरक्षित भी हो, इस कसौटी पर वेसलप्लास्टी खरी उतरती है।

**वेसलप्लास्टी की जरूरत:** तंत्रिका तंत्र का एक अभिन्न भाग रीढ़ की हड्डी (स्पाइन) आपके शरीर को भी एक आकार प्रदान करती है, लेकिन कई बार दुर्घटनाओं या फिर बीमारियों के कारण जब यह विकारग्रस्त हो जाता है, तब कई गंभीर समस्याएं हो सकती हैं। इन समस्याओं के संदर्भ में 'स्पाइनल कॉलम' और 'वर्टिब्रा' के बारे में जानना जरूरी है। गौरतलब है की रीढ़ की हड्डी की गर्दन से लेकर कमर के निचले भाग तक की पूरी संरचना को 'स्पाइनल कॉलम' कहा जाता है। इसी तरह रीढ़ की हड्डी में अनेक कशेरूकाएं (वर्टिब्रा) होती हैं, जिन्हें 'वर्टिब्रल बोन' कहा जाता है, जिनसे रीढ़ की हड्डी (स्पाइन) बनती है।



**संभव हैं ये दुष्प्रभाव:** सड़क दुर्घटनाओं के अलावा आघात या चोट लगने, ऊंचाई से गिरने, ऑस्टियोपोरोसिस (जरा-सा आघात लगने पर हड्डियों का टूट जाना या फ्रैक्चर होना) की समस्याएं, हड्डियों से संबंधित टीबी (बोन टीबी), रीढ़ की हड्डी में पस पड़ जाना और बोन कैंसर आदि के कारण 'वर्टिब्रल बोन' क्षतिग्रस्त या विकारग्रस्त हो सकती हैं। आमतौर पर ऐसी समस्याएं तंत्रिका तंत्र (नर्वस सिस्टम) की कार्यप्रणाली पर प्रतिकूल प्रभाव डालती हैं। इनमें ये समस्याएं शामिल हैं-

- शारीरिक संतुलन स्थापित करने में दिक्कत।
- किसी भी तरह की संवेदना का एहसास करने में परेशानी।
- कई मामलों में मल और यूरिन पर नियंत्रण स्थापित न कर पाना।
- पक्षाघात या लकवा होने का जोखिम।

**तकनीक की प्रक्रिया:** वेसलप्लास्टी तकनीक की प्रक्रिया के अंतर्गत मरीज को 'लोकल एनेस्थीसिया' दिया जाता है और फिर इसके बाद उसके विकारग्रस्त या फ्रैक्चर्ड 'वर्टिब्रल बोन' के अंदर एक सूक्ष्म सुई डाली जाती है। इस सुई के आगे के भाग पर एक गुब्बारा (बैलून) लगा होता है। यह बैलून विकारग्रस्त 'वर्टिब्रल बोन' की विकृतियों को समाप्त कर देता है। इस प्रक्रिया के बाद इस बैलून में 'बोन सीमेंट' को भरते हैं, जिसके परिणामस्वरूप 'वर्टिब्रल बोन' के विकारों (डिफेक्ट्स) को दूर किया जाता है। बोन सीमेंट लगभग 15 मिनट के बाद वर्टिब्रल बोन पर अपना प्रभाव छोड़ती है। गौरतलब है कि बोन सीमेंट का शरीर पर कोई दुष्प्रभाव नहीं पड़ता है।

**वेसलप्लास्टी की विशेषताएं:** यह तकनीक अपनी कुछ विशेषताओं के कारण अपनाई जा रही है।

- इस तकनीक को अपनाने से मरीज की ओपन सर्जरी करने की जरूरत नहीं पड़ती। एक छोटे से चीरे से इस तकनीक की प्रक्रिया को अंजाम दिया जाता है।
- संक्रमण का खतरा कम रहता है।
- कम से कम रक्तस्राव होता है।
- मरीज अतिशीघ्र स्वास्थ्य लाभ करता है।
- रीढ़ की हड्डी की समस्याओं से छुटकारा पाने के लिए वेसलप्लास्टी के अलावा जो अन्य सर्जिकल प्रोसीजर अपनाए जाते हैं, उनमें मरीज के विकारग्रस्त वर्टिब्रल बोन में इंप्लांट्स डालने की जरूरत पड़ती है, लेकिन वेसलप्लास्टी में इंप्लांट्स डालने की जरूरत नहीं होती है। *

प्रस्तुति: विवेक शुक्ला

आमतौर पर लोग अपनी फिजिकल हेल्थ पर तो ध्यान देते हैं लेकिन ब्रेन हेल्थ को इग्नोर करते हैं। जबकि ब्रेन हेल्थ हमारी पूरी मेंटल हेल्थ को कंट्रोल करता है। इसलिए यह जानना बहुत जरूरी है कि ब्रेन हेल्थ के लिए किन बैड हैबिट्स को छोड़ना और किन गुड हैबिट्स को अपनाना चाहिए। इस बारे में हम दे रहे हैं आपके लिए बहुत यूजफुल सजेशंस।

# आपका ब्रेन हेल्थ रहेगा परफेक्ट लाइफस्टाइल में करें ये बदलाव

हेल्थ सजेशन
डॉ. मोनिका शर्मा

आमतौर पर अच्छे खान-पान से लेकर फिजिकल एक्टिविटी तक, सब कुछ शरीर की अच्छी सेहत से जोड़कर देखा जाता है। नींद और आराम को भी शरीर की थकान उतारने का ही जरिया माना जाता है। जबकि जीवनशैली से जुड़ी यही बातें हमारे ब्रेन हेल्थ को भी गहराई से प्रभावित करती हैं। असंतुलित आहार हो या प्रकृति से दूरी, आराम करने में की गई कोताही हो या नकारात्मक विचारों का घेरा, मस्तिष्क के स्वास्थ्य पर भी दुष्प्रभाव डालते हैं। ऐसी ही कुछ बातों का ध्यान रखने से दुरुस्त रहेगा ब्रेन हेल्थ।






## शारीरिक सक्रियता

फिजिकल एक्टिविटी केवल शरीर का मोटापा काबू में रखने में ही नहीं, ब्रेन फॉग से बचाने में भी मददगार बनती है। व्यायाम चाहे किसी भी रूप में किया जाए, शारीरिक स्वास्थ्य में सुधार लाने के साथ ही मानसिक स्वास्थ्य पर भी पॉजिटिव प्रभाव डालता है। नियमित शारीरिक एक्टिविटीज करना अवसाद और चिंता से बचाने वाली जीवनशैली से जोड़ता है। शारीरिक व्यायाम की मनोदशा सुधारने में महत्वपूर्ण भूमिका है। शारीरिक सक्रियता से शरीर को एंडोर्फिन हार्मोन मिलता है। यह हार्मोन शरीर का नेचुरल मूड लिफ्टर है। यही वजह है कि शारीरिक रूप से सक्रिय रहना ओवरथिंकिंग और नेगेटिविटी पैदा करने वाले विचारों से भी दूर रखता है। ये दोनों ही बातें दिमागी सेहत की बेहतरी से भी जुड़ी होती हैं।

## संतुलित आहार

हमारे यहां तो कहा ही गया है कि 'जैसा खावें अन्न, वैसा हो मन।' हर आयुर्वेद के लोगों पर यह बात लागू होती है। समझना जरूरी है कि मन से ही मस्तिष्क भी जुड़ा है। ऐसे में हमारा भोजन शरीर ही नहीं, मानसिक स्वास्थ्य पर भी असर डालता है। फलों-सब्जियों से भरपूर संतुलित आहार तो भावनात्मक स्वास्थ्य के लिए बहुत अच्छा माना गया है। ऐसी सुपाच्य चीजें बॉडी को भी सही पोषण देती हैं। वहीं खराब फूड हैबिट्स दिमाग से जुड़ी स्वास्थ्य समस्याओं को बढ़ाती हैं। अस्वास्थ्यकर भोजन किसी काम पर फोकस ना कर पाना, सुस्ती, घबराहट और चिड़चिड़ेपन जैसी भावनाओं को बढ़ाता है। अल्ट्रा-प्रोसेस्ड फूड, फास्ट फूड और शुगर युक्त ड्रिंक्स के सेवन से अवसाद और चिंता का जोखिम भी बढ़ता है। पब्लिक हेल्थ न्यूट्रिशन जर्नल में छपे अध्ययन के मुताबिक नियमित रूप से फास्ट फूड का सेवन करने वाले लोगों में अवसाद विकसित होने की संभावना 51 प्रतिशत ज्यादा होती है। असल में प्रोसेस्ड फूड्स में शामिल शुगर और नमक की अधिक क्वांटिटी वाले फूड प्रोडक्ट्स बहुत स्वादिष्ट लगते हैं। इससे ना केवल इन्हें रेगुलर खाने की लत लग जाती है बल्कि ऐसे फूड प्रोडक्ट्स बॉडी में हार्मोनल और न्यूरो बायोलॉजिकल बदलाव का भी कारण बन सकते हैं। मौजूदा जीवनशैली में अत्यधिक नमक का सेवन याददाश्त और इंटेलिजेंस को कमजोर करने का अहम कारण माना जा रहा है। इसीलिए फिजिकल फिटनेस के लिए ही नहीं दिमाग की सेहत दुरुस्त रखने के लिए भी हेल्दी फूड्स का सेवन करना आवश्यक है।



## कुदरत से नजदीकी

आज के दौर में तकनीकी उपकरणों संग सीमित दायरे में बीत रहा समय हमें प्रकृति से दूर कर रहा है। प्रकृति के संपर्क में कमी को 'स्नेचर डेफिसिट डिसऑर्डर' कहा जाता है। यह डिसऑर्डर शरीर ही नहीं दिमाग की सेहत बिगाड़ने वाला भी है। समझना जरूरी है कि हरे-भरे परिवेश में सैर, योग या जॉगिंग करना शरीर को ही नहीं दिमाग को भी दुरुस्त रखता है। देखने में आता है कि अब फिजिकल एक्टिविटीज भी इंडोर ही की जाती हैं। घर-दफ्तर तो प्राकृतिक जुड़ाव से दूर हैं ही। ऐसे में इरादतन नेचर के करीब रहने का प्रयास किया जाना चाहिए। अमेरिकन साइकोलॉजिकल एसोसिएशन के मुताबिक सप्ताह में कम से कम दो घंटे प्रकृति के करीब बिताने से शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य दोनों बेहतर हो सकते हैं। हरे-भरे वातावरण में रहने से कोग्निटिव हेल्थ सुधरती है। रचनात्मक सोच बढ़ती है। मन प्रसन्न रहता है। मस्तिष्क ठहराव और सुकून महसूस करता है। ऐसी सभी बातें दिमाग को सक्रिय और स्वस्थ रखती हैं।



## नींद और आराम भी जरूरी

किसी भी काम, भागदौड़ या बिजी रुटीन के बाद शरीर की थकान कम करने के लिए अच्छी नींद लेने को कहा जाता है। हम सब समझते हैं कि यह फिजिकल थकान आराम करने से ही जाएगी। लेकिन यही बात दिमाग की थकान को लेकर नहीं सोची जाती। घंटों काम करने के बाद भी मन-मस्तिष्क को आराम नहीं दिया जाता। जबकि अच्छी नींद शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए जरूरी है। मूड को बेहतर करने के लिए ही नहीं डिसट्रेक्शन घटाने के लिए भी पर्याप्त नींद लेनी ही चाहिए। स्पष्ट देखा जा सकता है कि आज की आपाधापी भरी जीवनशैली में नींद की कमी भी अवसाद, चिंता और दूसरी मानसिक समस्याओं को बढ़ावा दे रही है। इतना ही नहीं ठीक से नींद ना लेना, स्ट्रेस मैनेजमेंट की क्षमता पर भी दुष्प्रभाव डाल रहा है। शुरुआत में सही रुटीन बनाने और अच्छी नींद लेने की अहमियत नहीं समझी जाती और बाद में इंसान बाकायदा अनिद्रा की समस्या के घेरे में आ जाता है। गौरतलब है कि अवसाद के शिकार 90 प्रतिशत तक लोग अनिद्रा यानि इनसोमनिया की शिकायत करते हैं। असल में नींद की कमी से कोर्टिसॉल हार्मोन का लेवल बढ़ता है। ऐसे में समय पर सोने-जागने की दिनचर्या ना केवल तनाव और बेचैनी बढ़ाने वाले कोर्टिसॉल हार्मोन को नियंत्रित रखती है, बल्कि इमोशनल बैलेंस बनाए रखने में भी मदद करती है। *

हेल्थ न्यूज

# यंगस्टर्स में बढ़ती इंफर्टिलिटी पॉसिबल है ट्रीटमेंट







आजकल पुरुषों में बांझपन यानी इंफर्टिलिटी तेजी से बढ़ रहा है। इसकी बड़ी वजह है बदलती जीवनशैली, तनाव, लंबे समय तक काम करना और प्रदूषण। डॉक्टरों का कहना है कि 30-35 साल के पुरुषों में यह समस्या सबसे ज्यादा देखी जा रही है। इस बारे में मदरहुड फर्टिलिटी एंड आईवीएफ सेंटर के फर्टिलिटी स्पेशलिस्ट **डॉ. मंदावी राय** के अनुसार, 'पिछले कुछ सालों में, खासकर 30-35 साल के पुरुषों में बांझपन बहुत बढ़ रहा है। तनाव वाला काम, देर तक बैठकर काम करना, नाइट शिफ्ट और अनियमित डाइट हैबिट से स्पर्म की संख्या, उसकी गति और उसका आकार प्रभावित होता है। इनके अलावा हार्मोन का बिगड़ना और यौन इच्छा कम होना, पुरुषों में फर्टिलिटी बढ़ने की आम वजहें हैं। कई पुरुष इस बात को समझ नहीं पाते कि शराब, सिगरेट, टाइट ड्रेस, लैपटॉप की गर्मी और कम नींद, स्पर्म को काफी कमजोर कर देते हैं। सबसे चिंता की बात यह है कि बहुत कम पुरुष खुद से फर्टिलिटी चेकअप करवाने आते हैं। अगर समय पर चेकअप करवाएं और लाइफस्टाइल सुधारा जाए तो ज्यादातर समस्याओं का इलाज आसानी से हो सकता है।'

दिल्ली स्थित नोवा आईवीएफ सेंटर की **डॉ. पारुल गुप्ता खन्ना** कहती हैं, 'आज की लाइफस्टाइल का पुरुषों की फर्टिलिटी पर सीधा असर पड़ रहा है। तनाव, देर रात मोबाइल का उपयोग करना और शराब, सिगरेट का सेवन करना भी इसके कारण हैं। अच्छी नींद, डेली व्यायाम, हेल्दी फूड्स और सही सप्लीमेंट्स का सेवन करें तो सेहत में सुधार आ सकता हैं। जब पुरुष अपनी डाइट सुधारते हैं, शरीर को गर्मी से बचाते हैं और तनाव कम करते हैं, तो स्पर्म कुछ ही महीनों में बेहतर हो जाते हैं। लेकिन सप्लीमेंट्स बिना डॉक्टर की सलाह के कभी नहीं लेने चाहिए। शराब और सिगरेट से दूर रहें और सबसे जरूरी सालों तक इंतजार न करें नियमित जांच करवाएं।' *

प्रस्तुति: सेहत फीचर्स

सजेशन
दिव्यज्योति 'नंदन'



# सुबह धूप में करें योगाभ्यास ऊर्जावान रहेगा तन-मन

वैसे तो सुबह या शाम को योगाभ्यास करना फायदेमंद होता ही है। लेकिन अगर इसे आप सर्दी के मौसम में सुबह की धूप में करें तो यह और भी लाभकारी सिद्ध होता है। तन-मन को भरपूर ऊर्जा मिलती है। इस बारे में विस्तार से जानिए।

सर्दियों की सुबह-सुबह व्यायाम महज व्यायाम नहीं होता बल्कि यह शरीर में लय, मन में शांति और आत्मा को प्रकाश से नहलाने का उपक्रम होता है। सूर्य को जीवन ऊर्जा का स्रोत कहा जाता है। इसलिए प्राचीन भारतीय ग्रंथों में सूर्योपासना और सूर्य नमस्कार का विशेष महत्व वर्णित है।

**इसलिए है लाभदायक:** सुबह की धूप में व्यायाम या योगा करने से शरीर को प्राकृतिक रूप से विटामिन-डी हासिल होती है। वास्तव में सुबह की धूप, विशेषकर सूर्योदय के बाद पहले 30 से 60 मिनट तक की धूप विटामिन-डी से भरपूर होती है और धरती पर इंसान के लिए यह विटामिन-डी का सबसे बड़ा स्रोत भी होती है। यह धूप शरीर में कैल्शियम के अवशोषण को बढ़ाती है, जिससे हड्डियां मजबूत होती हैं। जोड़ों का दर्द या गठिया जैसी समस्याओं से राहत मिलती है। इसलिए सर्दियों की सुबह की धूप में योगा करना बहुत फायदेमंद होता है। इस दौरान शरीर से निकला हुआ पसीना शरीर को डिटॉक्स करता है।

**रक्त संचार-ऑक्सीजन पूर्ति बेहतर:** सर्दियों की सुबह धूप में किए गए योगा से शरीर की रक्तवाहनियां फैलती हैं, जिस कारण शरीर में रक्त का संचार बेहतर होता है और इससे शरीर के कोने-कोने तक ऑक्सीजन की ज्यादा मात्रा पहुंचती है। नतीजतन शरीर न केवल प्रसन्न और ऊर्जा से भरा-पूरा होता है बल्कि इस दौरान हमारा मस्तिष्क सर्वाधिक सक्रिय और मन बेहद एकाग्र रहता है। यह विशेष रूप से प्राणायाम और सूर्य नमस्कार के चलते लाभदायक साबित होता है। जब श्वास और प्रकाश का मेल शरीर के हर कोने को जीवंत कर देता है, तब शरीर में रक्त संचार और ऑक्सीजन की आपूर्ति बढ़ जाती है।

**बेहतर होता है हार्मोनल संतुलन:** सर्दियों में सुबह-सुबह की धूप में योगा करने से हमारे शरीर का हार्मोनल संतुलन बेहतर होता है, जिस कारण हमें मानसिक शांति मिलती है। सुबह के समय की धूप में जो नीली और लाल रोशनी की तरंगें मौजूद होती हैं, वे मस्तिष्क के सेरोटोनिन और मेलाटोनिन हार्मोन को संतुलित करते हैं। सेरोटोनिन हार्मोन शरीर के मूड को बेहतर बनाता है, जबकि मेलाटोनिन हार्मोन हमारी नींद को नियमित करता है। जब हम सर्दियों की रात में भरपूर आरामदायक नींद लेते हैं, तो शरीर के सभी अंग स्वस्थ और ऊर्जावान होते हैं। जो लोग सुबह-सुबह की धूप में योग करते हैं, उन्हें तनाव, चिंता और अवसाद से राहत मिलती है। ऐसे लोग दिन भर अपनी एकाग्रता और सकारात्मकता बनाए रहते हैं। साथ ही रात को गहरी और स्वाभाविक नींद हासिल करते हैं।

**प्रतिरक्षा प्रणाली होती है मजबूत:** सर्दियों और संक्रमण के मौसम में सुबह-सुबह की धूप के दौरान योगा करना उसी तरह काम करता है, जैसे शरीर के लिए प्राकृतिक वैक्सीन काम करती है। सुबह की धूप से शरीर में श्वेत रक्त कणिकाएं सक्रिय होती हैं, जो वायरस और बैक्टीरिया से लड़ती हैं। सुबह की धूप के समय किए गए कुछ आसन जैसे भस्त्रिका, कपालभाती और धनुरासन शरीर की ऊष्मा बढ़ाते हैं, इससे शरीर में ठंड लगने और एलर्जी समस्याएं बहुत कम होती हैं।

**आंखों के लिए भी लाभदायक:** सुबह की कोमल धूप के बीच किए गए योगासनों का लाभ हमारी आंख और देखने की क्षमता को भी मिलता है। सुबह की कोमल रोशनी में आंखें खोलकर किया गया त्राटक योग देखने की क्षमता को तो बढ़ाता है।

**मानसिक ऊर्जा का स्रोत:** सुबह की धूप में जब हम योग करते हैं तो प्रकृति का हर तत्व- हवा, प्रकाश, पक्षियों का चहचहाना और मिट्टी की गंध हमारे जीवन में ताजगी का एहसास कराती है। यह वातावरण हमारे मन और उत्साह को लबालब कर देता है। इससे आत्मविश्वास भी बढ़ने लगता है। *

डाइट एडवाइस
राजकुमार 'दिनकर'

सर्दी के मौसम में हेल्दी बने रहने के लिए आपको अपनी डाइट पर पूरा ध्यान देना चाहिए। इस दौरान आप अपनी डाइट में क्या शामिल कर सकते हैं, बता रहे हैं डिटेल में।


# इनका करें नियमित सेवन इस मौसम में रहेंगे हेल्दी

सर्दी का मौसम अपने साथ बहुत सी समस्याएं लेकर आता है। वायरल इंफेक्शन, धीमी पाचनक्रिया, सर्दी-जुकाम, खांसी, रूखी त्वचा, धूप कम होने से लगातार ठंड लगना, कमजोर प्रतिरोधक क्षमता, हृदय रोगियों के लिए कई तरह के खतरे, लगातार ठंड के कारण मनोदशा में उतार-चढ़ाव। सर्दी के साथ इन समस्याओं के समाधान के लिए प्रकृति प्रदत्त अनेक खाने की चीजें फल, हरी सब्जियां, रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने वाले खाद्य पदार्थ हमें मिलते हैं। सर्दी के मौसम में अगर हमें स्वस्थ रहना है तो प्रोसेस्ड फूड की बजाय, मौसमी फल, सब्जियों के सेवन से अपनी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के साथ-साथ अपनी ऊर्जा और मनोदशा में भी स्थिरता ला सकते हैं।



**मौसमी फल:** सर्दी के मौसम में अमरूद, कीवी, सेब, अनार, केला, संतरे, मौसंबी, पपीता और भी कई तरह के रसीले फल जो एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर होते हैं, इनका खूब सेवन करना चाहिए। ये हमारे त्वचा के सौंदर्यवर्धन करने के साथ-साथ हमारी पाचनक्रिया को दुरुस्त करते हैं और शरीर को संक्रमण से लड़ने के लिए तैयार करते हैं।

**साबुत अनाज:** मोटे और साबुत अनाजों को खाने और पचाने के लिए सर्दी का मौसम सबसे उपयुक्त होता है। ज्वार, बाजरा, रागी, मक्का, सोयाबीन, जई, जैसे पारंपरिक भारतीय अनाज को हम रोटी के रूप में या इनके खिचड़ी, दलिया, बनाकर उन्हें मेवों के साथ भी खा सकते हैं। ये अनाज हमारे शरीर को गर्मी देने के साथ-साथ पाचनक्रिया को दुरुस्त करते हैं और ऊर्जा के स्तर में भी सुधार करते हैं। ग्लूटेन फ्री ये मोटे अनाज सर्दियों में बढ़ने वाले वजन को भी नियंत्रित रखते हैं।



**गुड़ और इससे बने व्यंजन:** सर्दी के मौसम में हम भरपूर मात्रा में पिस्ता, बादाम, अंजीर, किशमिश जैसे सूखे मेवों और खरबूजें, तरबूज, अलसी, तिल, जैसे कई और बीजों का सेवन करके अपने स्वास्थ्य को बेहतर बना सकते हैं। इस मौसम में चीनी को दरकिनार करके गुड़ और गुड़ से बने ड्राइफ्रूट्स के लड्डु और मीठे खाद्य पदार्थ न केवल हमारी पाचनक्रिया को दुरुस्त करते हैं, हमें ठंड से भी बचाते हैं। शरीर में आयरन की कमी को भी पूरा करते हैं।

**हरी पत्तेदार सब्जियां:** सर्दी के मौसम में मौसमी सब्जियां, भरपूर मात्रा में उपलब्ध होती हैं। शकरकंद, पालक, मेथी, सरसों, बथुआ, मूली, चुकंदर, शलजम, गाजर, सोया साग, गांठ गोभी, जैसी सब्जियां प्राकृतिक रूप से खनिज लवणों से भरपूर होती हैं। गर्म तासीर वाली इन सब्जियों में आयरन, कैल्शियम, मैग्नीशियम, फाइबर, बीटा कैरोटीन, विटामिन के और महत्वपूर्ण एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं, जो रक्त में हिमोग्लोबिन की मात्रा को बढ़ाकर शरीर में आयरन की कमी पूरा करते हैं। हड्डियों को मजबूत बनाते हैं। पाचनक्रिया में सुधार करके आंतों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाते हैं।

**गर्म पेय पदार्थ:** अदरक, लहसुन, कालीमिर्च, दालचीनी, हल्दी, अजवाइन और तुलसी सर्दी के मौसम में हमें विशेष तौर पर ठंड से बचाते हैं। ठंड लगने पर तुलसी, सौंफ और दूसरे मसालों से बनी चाय हमें राहत दिलाती है। संक्रमण से बचाकर हमारे फेफड़ों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाती है। हल्दी वाला दूध, सब्जियों के सूप, शोरबा, गर्म पानी और काढ़ा, शरीर को ठंड से बचाते हैं। सर्दियों में गाजर, टमाटर, मिक्स सब्जियों का सूप भी हमें कब्ज से निजात दिलाकर हमारी पाचनक्रिया को दुरुस्त रखता है। इसलिए सर्दी के इस मौसम का भरपूर फायदा उठाएं और यहां बताए गए फूड आइटम्स का सेवन करें। इससे आप पूरे सर्दी के मौसम में हेल्दी बने रहेंगे। *

## खबर संक्षेप

### अटल स्मृति सम्मेलन के लिए संयोजक नियुक्त

**फतेहाबाद।** भाजपा हाई कमान ने अटल स्मृति सम्मेलन व अन्य कार्यक्रमों को लेकर नियुक्तियां की है। बीजेपी जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा ने बताया कि अटल स्मृति सम्मेलन को लेकर संयोजक एवं प्रभारी नियुक्त किए गए, जिसमें फतेहाबाद विधानसभा में पूर्व विधायक दुड़ाराम को सम्मेलन संयोजक नियुक्त किया गया है वहीं राजपाल बैनीवाल को सम्मेलन प्रभारी नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार रतिया विधानसभा में पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल को संयोजक व विज्ञान सागर बाघला को प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई है। टोहाना विधानसभा में पूर्व कैबिनेट मंत्री देवेन्द्र बबली को संयोजक तथा रिंकू सिंगला को प्रभारी नियुक्त किया गया।

### चौधरी देवीलाल टाउनशिप में होगा करोड़ों का विकास

**सिरसा।** नगरपरिषद के चेयरमैन शांति स्वरूप ने बताया कि गौशाला रोड स्थित चौधरी देवीलाल कॉम्प्लेक्स में विकास कार्यों के लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है, जिससे अब निर्माण कार्य जल्द ही धरातल पर दिखाई देगा। उन्होंने विश्वास दिलाया कि नप द्वारा प्रस्तावित कार्यों के पूरा होने के बाद यह कॉम्प्लेक्स शहर के सबसे विकसित और सुंदर इलाकों में से एक होगा। नगर परिषद की योजना के अनुसार, टूटी सडक़ों की जगह अब नई और पक्की सडक़ें बनाई जाएंगी ताकि यातायात सुगम हो सके। जलभराव की समस्या को जड़ से खत्म करने के लिए नया सीवर सिस्टम और स्वच्छ पानी की आपूर्ति के लिए पाइप लाइन बिछाई जाएगी।

### इनेलो: किसान सैल की जिला स्तरीय बैठक 29 को

हरिभूमि न्यूज. सिरसा। किसानों की समस्याओं पर मंथन करने एवं उनके समाधान को लेकर इनेलो किसान सैल की अहम बैठक 29 दिसंबर को पार्टी कार्यालय में होगी। इनेलो जिलाध्यक्ष जसवीर सिंह जस्सा ने बताया कि बैठक को मुख्य रूप से इनेलो किसान सैल के प्रदेश संयोजक फूल सिंह मंजूरा संबोधित करेंगे। जसवीर सिंह जस्सा ने कहा कि बैठक के दौरान बाढग़्रस्त किसानों को अभी तक क्षतिग्रस्त फसलों का मुआवजा न मिलने, किसानों की फसलों की खरीद एमएसपी न होने, मंडियों में फसलों की खरीद के दौरान उचित इंतजामों के अभाव, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत किसानों से किए जा रहे छलावे आदि गंभीर विषयों पर विमर्श किया जाएगा।

### राजकीय महिला कॉलेज में हुई पावर पॉइंट स्पर्धा

**सिरसा।** राजकीय महिला महाविद्यालय सिरसा में बुधवार को नशामुक्त भारत अभियान के अंतर्गत पावरपॉइंट प्रस्तुति प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। डॉ. विक्रमजीत सिंह ने बतौर मुख्य वक्ता छात्राओं को नशे के दुष्प्रभावों तथा इससे दूर रहने के उपायों पर विस्तार से जानकारी दी। इसके अतिरिक्त एंटी ड्रग कमेटी से डॉ. सुखपाल, डॉ. कपिल तथा प्रो. मुकेश सुथार की गरिमामयी उपस्थिति रही। प्रतियोगिता में छात्राओं ने नशामुक्ति विषय पर प्रभावशाली प्रस्तुतियां दीं। निर्णायक मंडल द्वारा प्रतीका को प्रथम, सोनिया को द्वितीय तथा दीपिका को तृतीय स्थान का विजेता घोषित किया गया।

### साहिबजादों को समर्पित शहीदी दिवस मनाया

**ओढां।** गुरुद्वारा श्री सिंह सभा में गुरु गोबिंद सिंह के पूरे परिवार व अनेकों सिख योद्धाओं की शहादत को समर्पित बुधवार को गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी और गांववासियों के सहयोग से तीन दिन पूर्व प्रारंभ किए गए श्री अखंड पाठ के भोग डाले गए। भोग के दौरान हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से प्रचारक भाई सुखचैन सिंह व साथियों के ढाड़ी जत्थे ने छोटे साहिबजादे और माता गुज्जर कौर का इतिहास सुनाया। उन्होंने बताया कि कैसे इस सर्दी के सात दिनों में गुरुजी का पूरा परिवार उनसे बिछुडक़र अलग हो गया और उन पर क्या क्या बीती। लेकिन फिर भी गुरुजी ने पूरा परिवार देश धर्म पर वार देने पर भी उफ तक नहीं की।

## टेक्निकल पोस्ट के समान वेतनमान देने की मांग

# पंचायत कम्प्यूटर ऑपरेटरों ने डीसी कार्यालय पर किया जोरदार प्रदर्शन

- सीपीएलओ प्रदर्शन करते हुए लघु सचिवालय पहुंचे जहां तैनात पुलिस कर्मचारियों ने लघु सचिवालय के गेट को बंद कर उन्हें आगे जाने से रोक दिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद



फतेहाबाद। उपायुक्त को सीएम के नाम मांग पत्र सौंपते पंचायत कम्प्यूटर ऑपरेटर। फोटो : हरिभूमि

टेक्निकल पोस्ट के समान वेतनमान और बकाया वेतन दिए जाने की मांग को लेकर जिलेभर के हरियाणा पंचायत कम्प्यूटर ऑपरेटरों ने हरियाणा पंचायत कम्प्यूटर ऑपरेटर संघ सम्बंधित भारतीय मजदूर संघ के बैनर तले फतेहाबाद में डीसी कार्यालय पर रोष प्रदर्शन किया। सीपीएलओ प्रदर्शन करते हुए लघु सचिवालय पहुंचे जहां तैनात पुलिस कर्मचारियों ने लघु सचिवालय के गेट को बंद कर उन्हें आगे जाने से रोक दिया। इससे खफा पंचायत कम्प्यूटर ऑपरेटरों ने जमकर नारेबाजी कर रोष जताया। बाद में सीपीएलओ ने उपायुक्त के माध्यम से मुख्यमंत्री को मांग पत्र भेजकर उनकी मांगों को जल्द पूरा करने की गुहार लगाई है।

हरियाणा पंचायत कम्प्यूटर ऑपरेटर यूनियन के जिला प्रधान सुरेश कुमार व सचिव सुभाष कुमार ने बताया कि सीपीएलओ को अपनी सेवाएं देते हुए करीब 22 महीने से अधिक का समय हो चुका है लेकिन अधिकतर कम्प्यूटर ऑपरेटरों को पिछले कई महीनों से वेतन का भुगतान नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओं जैसे दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना को धरातल पर पूरा करवाने में सीपीएलओ का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। वह प्रतिदिन 9 से 5 बजे तक पूरा काम करते हैं। रविवार के दिन भी उनसे काम लिया जाता है। टेक्निकल पोस्ट के बराबर काम करने के बावजूद उन्हें समान काम-समान वेतन नहीं दिया जा रहा। उन्हें केवल 6 हजार रुपये प्रतिमाह दिए जा रहे हैं लेकिन वह भी काफी महीनों तक लंबित रहता है। उन्होंने कहा कि सीपीएलओ में अधिकतर लड़कियां काम कर रही हैं लेकिन सरकार उन्हें सम्मानजनक वेतन न देकर उनका शोषण कर रही हैं।

### आंदोलन तेज करेंगे

सीएम को भेजे ज्ञापन में मांग की गई है कि सीपीएलओ की जिम्मेवारी पंचायत विभाग व शहरी स्थानीय निकाय को सौंपी जाए। टेक्निकल पोस्ट के समान बेसिक वेतनमान, अन्य सभी सरकारी सुविधाएं व भत्ते दिए जाएं। मासिक वेतन प्रत्येक माह की 7 तारीख तक देना सुनिश्चित किया जाए तथा मार्च 2024 से 31 मार्च 2025 तक सीपीएलओ के बकाया वेतनमान का पूरा भुगतान किया जाए। सीपीएलओ ने चेतावनी देते हुए कहा कि आज जिला स्तर पर प्रदर्शन कर सरकार को चेतावनी दी गई है। अगर अब भी उनकी मांगों को पूरा नहीं किया गया तो सीपीएलओ द्वारा प्रदेशस्तर पर आंदोलन को तेज किया जाएगा। इस अवसर पर सचिन, सहसचिव सन्नी, उपाध्यक्ष हंसराज, कैशियर पवन, अभिषेक, पूनम, अंजू, काजल, स्नेहा, सुशीला, गीता सहित काफी संख्या में सीपीएलओ मौजूद रहे।

## न्यूज डायरी



### संस्कृत महाविद्यालय के प्रतिनिधिमंडल ने किया स्कूलों का दौरा

**सिरसा।** श्री सनातन धर्म संस्कृत महाविद्यालय ने बीए शास्त्री के सत्र 2026-27 के दाखिले के लिए वरिष्ठ माध्यमिक स्कूलों में संपर्क अभियान शुरू किया है, जिसके अंतर्गत अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार बंसल एडवोकेट, प्रबंधक बजरंग पारिक, प्राचार्य गणेश शंकर ने विद्यार्थियों से संपर्क कर उन्हें संस्कृत महाविद्यालय में पढऩे के लाभ के की जानकारी दी। इस अभियान के तहत उन्होंने गांव कागदाना, पीली मंदोरी, नहराना, नाथूसरी कलां, जमाल, दुकड़ा, गुडियाखेड़ा, भट्टू, मेहुवाला, बनमंदोरी, शाहपुरिया, फूलकां, अली-मोहम्मद सहित कई गांव के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों से सम्पक किया। एडवोकेट सुरेंद्र बंसल ने बताया कि संस्कृत महाविद्यालय में पढऩे वाले विद्यार्थियों से कम फीस में ली जाती है। उन्होंने विद्यार्थियों को संस्कृत विश्वविद्यालय तथा हरियाणा संस्कृत अकादमी से मिलने वाली प्रतिवर्ष 12 हजार रुपए छात्रवृत्ति तथा अनुसूचित जाति व पिछड़ा वर्ग को मिलने वाली 11 हजार रुपए तथा 8 हजार रुपए की छात्रवृत्ति की जानकारी दी।



### ट्रेफिक नियमों का पालन करने की अपील

**फतेहाबाद।** सरबत दा भला संस्था द्वारा आज फतेहाबाद में नई अनाज मंडी और हांसपुर फ्लाईओवर के पास वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ व्यापार मंडल अनाज मण्डी के प्रधान जगदीश भादू, सिटी वेलफेयर क्लब अध्यक्ष विनोद अरोड़ा ने किया। इस अवसर पर सैंकड़ों ट्रैक्टर-ट्रालियों, रेहड़ी, टाटा ऐस, कैंटरो पर रिफ्लेकटर लगाए गए। हांसपुर डायवर्ट पर भी समाजसेवी साहब दयाल वधवा और ओमप्रकाश चुघ के नेतृत्व में रिफ्लेक्टर लगाए गए। विनोद अरोड़ा ने कहा कि सिटी वेलफेयर क्लब द्वारा सरबत दा भला संस्था के साथ मिलकर काफी सालों से रिफ्लेक्टर अभियान चला रही हैं। उन्होंने वाहन चालकों से अपील की कि वह खुद जागरूक होकर खुद अपने वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाए। घर से बाहर निकलते वक्त अपने वाहनों को अच्छी तरह जांच करके ही निकले क्योंकि धुंध के सीजन में वाहनों को बहुत समस्याएं आती हैं और लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। रिफ्लेक्टर न होने से एक्सीडेंट का खतरा भी बढ़ जाता है।



### दानवीर ही समाज को नई दिशा देते हैं : संगीता बिश्नोई

**फतेहाबाद।** राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय हिजरावां कलां के प्रांगण में यीशु मसीह के जन्मदिन की पूर्व प्रातः व स्वर्गीय रेशमा रानी की 15वीं पुण्यतिथि पर उनके परिजनों द्वारा जर्सी वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में जिला शिक्षा अधिकारी संगीता बिश्नोई ने शिरकत की वहीं समाजसेवी हजारी लाल नरूला, राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ हरियाणा के राज्य चेयरमैन देवेंद्र सिंह दहिया एवं सरपंच परमजीत कौर ने विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित दी। डॉ. बलविंद्र खुराना ने समारोह की अध्यक्षता की। विद्यालय मुखिया विनोद भाटी द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। मां सरस्वती की पूजा अर्चना पश्चात सभी बालिकाओं को जर्सी वितरण किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी संगीता बिश्नोई ने हजारी लाल नरूला की इस मुहिम की सराहना करते हुए कहा कि गरीब छात्राओं के प्रति स्नेह प्रेरणादायक है। शिक्षण संस्थान के प्रति सकारात्मक सोच, लगाव व सहयोग के कारण ही आज हिजरावां कलां स्कूल शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणीय स्कूलों में शामिल है।



### आदर्श स्कूल में मनाया गया तुलसी पूजन दिवस

**फतेहाबाद।** आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल, दरियापुर में तुलसी पूजन दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर छात्रों और शिक्षकों ने मिलकर तुलसी माता का पूजन किया, जो हमारी भारतीय संस्कृति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। कार्यक्रम में छात्रों ने तुलसी के धार्मिक, औषधीय और पर्यावरणीय महत्व के बारे में जाना। तुलसी पूजन के दौरान प्रधानाचार्या अंजलि मैहता, उप-प्रधानाचार्या सीमा कोचर और शिक्षकों ने छात्रों को तुलसी के पौधे के फायदों के बारे में बताया, जैसे कि यह वातावरण को शुद्ध करता है। रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाता है, और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है। छात्रों ने तुलसी माता की आरती व परिक्रमा की। तुलसी पूजन दिवस का उद्देश्य छात्रों में भारतीय संस्कृति, पर्यावरण संरक्षण, और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना था।आदर्श स्कूल समय-समय पर भारतीय संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए हर भारतीय त्योहार मनाता है।

## सुशासन दिवस पर जिला स्तरीय कार्यक्रम आज, राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा होंगी शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद



फतेहाबाद। सुशासन दिवस की तैयारियों को लेकर बैठक लेते हुए उपायुक्त डॉ. विवेक भारती। फोटो : हरिभूमि

सुशासन दिवस के अवसर पर 25 दिसंबर को सुबह 10 बजे डीपीआरसी सभागार में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिला स्तरीय कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा मुख्यातिथि होंगी। इस जिला स्तरीय कार्यक्रम में पूर्व विकास एवं पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली, सिरसा लोकसभा क्षेत्र की पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल व पूर्व विधायक दुड़ाराम विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने बुधवार को लघु सचिवालय स्थित उपायुक्त कार्यालय में सुशासन दिवस की तैयारियों को लेकर अधिकारियों की बैठक ली। डीसी ने कार्यक्रम को गरिमामयी रूप से मनाने के निर्देश देते हुए कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाता है। सरकारी कार्यों में पारदर्शिता और जवाबदेही के लिए यह कार्यक्रम अति महत्वपूर्ण है। उन्होंने इस कार्यक्रम के लाइव प्रसारण के लिए व्यवस्था करने के निर्देश दिए। कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए जाएंगे। इसके लिए उपायुक्त ने शिक्षा विभाग को निर्देश दिए कि सांस्कृतिक कार्यक्रम भव्य एवं मर्यादापूर्ण होने चाहिए। बैठक में एडीसी अनुराग ढालिया, एसडीएम राजेश कुमार, सीटीएम गौरव गुप्ता, डीईओ संगीता बिश्नोई, डीएफएससी विनीत जैन, सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के उप निदेशक अमित पंवार, एक्सईएन बलिवंद्र नैन, एडीआईओ प्रीति सहित संबंधित विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।



फतेहाबाद। मनाली भ्रमण के लिए रवाना होता विद्यार्थियों का दल।

### छात्रों का दल शैक्षणिक भ्रमण हेतू मनाली रवाना

**फतेहाबाद।** राजकीय विद्यालयों में कक्षा 9 से 12 में पढऩे वाले मैरिटोरियस 24 छात्र-छात्राओं का दल शैक्षणिक भ्रमण के लिए मनाली के लिए रवाना हुआ। उनके साथ देखरेख के लिए अध्यापक भी साथ गए। जिला शिक्षा अधिकारी संगीता बिश्नोई तथा जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी एवं जिला परियोजना संयोजक अनीता बाई ने शैक्षणिक भ्रमण पर गए मैरिटोरियस विद्यार्थियों को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी। सहायक परियोजना संयोजक निहाल सिंह ने बताया कि हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद पंचकूला के निर्देशानुसार समग्र शिक्षा फतेहाबाद के तत्वावधान में प्रत्येक वर्ष मैरिटोरियस विद्यार्थियों का शैक्षणिक भ्रमण हेतू देश के विभिन्न राज्यों में भेजा जाता है ताकि होनहार बच्चों को उनकी प्रतिभा का ईनाम के तौर पर प्रोत्साहन मिल सके। उन्होंने बताया कि शैक्षणिक भ्रमण पर विद्यार्थियों का दल 29 दिसम्बर को मनाली से वापिस फतेहाबाद पहुंचेगा। इस शैक्षणिक भ्रमण में जाने वाले विद्यार्थियों में गांव चंद्रावल के राजकीय विद्यालय के 4 विद्यार्थी, गांव जल्लोपुर आरोही मॉडल राजकीय विद्यालय के 4 विद्यार्थी, गांव नहला के राजकीय विद्यालय के 4 विद्यार्थी, टोहाना राजकीय विद्यालय के 3 विद्यार्थी, गांव नत्थूवाल के राजकीय विद्यालय के 3 विद्यार्थी तथा गांव जांडलीकलां के राजकीय विद्यालय के 6 विद्यार्थी शामिल हैं।

### नौकरी का झांसा देकर 5 लाख की ठगी का आरोपी गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** नौकरी दिलाने का झांसा देकर 5 लाख रुपये की ठगी करने के मामले में टोहाना पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान राजेश कुमार पुत्र ओम प्रकाश, निवासी गांव पिपलथा, तहसील नरवाना, जिला जींद के रूप में हुई है। थाना प्रभारी कुलदीप सिंह ने बताया कि इस बारे सुनीता देवी पत्नी प्रदीप सिंह निवासी गांव डांगरा ने पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायत के अनुसार आरोपी राजेश कुमार ने उनके बेटों को सरकारी नौकरी दिलाने का झांसा देकर अलग-अलग तिथियों में नकद तथा गूगल-पे के माध्यम से कुल 5 लाख रुपये की राशि प्राप्त की। राशि लेने के उपरांत आरोपी लगातार टालमटोल करता रहा और बाद में फोन उठाने बंद कर दिए। रुपये वापस मांगने पर आरोपी द्वारा जान से मारने की धमकियां भी दी गई। शिकायत के आधार पर थाना शहर टोहाना में 19 अगस्त 2024 को धारा 420, 406 भारतीय दंड संहिता के तहत मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ की गई। जांच के दौरान पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी राजेश कुमार को गिरफ्तार किया है। आरोपी को न्यायालय से एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया था। पुलिस रिमांड के दौरान की गई पूछताछ के आधार पर आरोपी से 1 लाख 15 हजार की राशि बरामद की गई है। आरोपी से ठगी गई शेष राशि की बरामदगी को लेकर पूछताछ जारी है।

### फतेहाबाद पुलिस ने जिला स्तरीय रोड सेफ्टी क्विज प्रतियोगिता, 174 बच्चों ने लिया भाग



**फतेहाबाद।** पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन के दिशा-निर्देशन में ट्रैफिक पुलिस फतेहाबाद द्वारा पुलिस लाइन फतेहाबाद में जिला स्तरीय रोड सेफ्टी क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों और युवाओं में सडक़ सुरक्षा के नियमों के प्रति जागरूकता फैलाना और सुरक्षित यातायात के महत्व को समझाना था। ट्रैफिक थाना फतेहाबाद के प्रभारी उपनिरीक्षक जय सिंह ने बताया कि इस क्विज प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न स्कूलों और शिक्षण संस्थानों के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढक़र भाग लिया। प्रतियोगिता चार स्तरों में आयोजित की गई। लेवल 1 में 12 टीमों में 30 बच्चों ने भाग लिया। लेवल 2 में 27 टीमों में 72 बच्चों ने भाग लिया। लेवल 3 में 21 टीमों में 55 बच्चों ने भाग लिया जबकि लेवल-4 में 6 टीमों में 17 बच्चों ने भाग लिया। उपनिरीक्षक जय सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता के दौरान छात्रों ने सडक़ सुरक्षा के नियमों, यातायात संकेतों, वाहन संचालन और सुरक्षित ड्राइविंग के संबंध में अपने ज्ञान का प्रदर्शन किया। प्रतिभागियों की सक्रिय भागीदारी ने इस कार्यक्रम को और भी रोचक और शिक्षाप्रद बना दिया। इस अवसर पर ट्रैफिक पुलिस ने बच्चों को सडक़ सुरक्षा के महत्व, हेलमेट पहनने, नियमों का पालन करने और सुरक्षित सडक़ व्यवहार के प्रति जागरूक किया। प्रतियोगिता में विजेताओं को सर्टिफिकेट और पुरस्कार प्रदान किए गए। प्रभारी ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम न केवल छात्रों को यातायात नियमों का ज्ञान देते हैं, बल्कि उन्हें जिम्मेदार और सुरक्षित यात्री बनने के लिए प्रेरित भी करते है।

### महापंचायत के बाद महाशक्ति ट्रस्ट ने घोषित की 51 सदस्यीय कमेटी



**रतिया।** पंजाब सीमा से सटे जिले के रतिया क्षेत्र को नशे से पूरी तरह आजाद करवाने को लेकर हुई महापंचायत में लिए गए निर्णय के बाद महाशक्ति चैरिटेबल ट्रस्ट ने 51 सदस्यीय कमेटी की घोषणा कर दी है। महाराजा रेस्टोरेंट में ट्रस्ट के संस्थापक भवानी सिंह द्वारा कमेटी घोषित की गई जिसमें क्षेत्र के युवाओं को जगह दी गई है। यह कमेटी रतिया के शहरी व साथ लगते क्षेत्रों में न केवल युवाओं को जागरूक कर नशे से दूर करने का प्रयास करेगी वहीं क्षेत्र में नशा तस्करी कर युवा पीढ़ी को खराब कर रहे अपराधियों की भी पहचान कर पुलिस की मदद से जेल भिजवाने का काम किया जाएगा। भवानी सिंह ने बताया कि महाशक्ति चैरिटेबल ट्रस्ट मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मार्गदर्शन में फतेहाबाद जिले को पूरी तरह नशामुक्त करने के अभियान में जोर-शोर से जुटी है। फतेहाबाद के अनेक गांवों में ट्रस्ट की कमेटियों का गठन किया जा चुका है। ट्रस्ट के प्रयासों से अब तक अनेक युवाओं को नशे की दलदल से बाहर निकाला गया है वहीं नशा बेचने वालों की भी धरपकड़ की गई है। उन्होंने कहा कि पंजाब से सटा होने के चलते रतिया क्षेत्र सबसे ज्यादा नशे से ग्रस्त रहा है। पिछले दिनों रतिया में हुई महापंचायत में समाज के सभी वर्गों के लोगों ने ट्रस्ट का सहयोग करते हुए रतिया को नशामुक्त करने का बीड़ा उठाया है। महापंचायत में हुए विचार विमर्श के बाद रतिया में 51 सदस्यीय कमेटी घोषित की गई है।



कालांवाली। घटना के बाद बस से उतरे यात्री। फोटो : हरिभूमि

### रोडवेज बस का टायर फटा, हादसा टला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कालांवाली

कालांवाली से सिरसा जा रही हरियाणा रोडवेज की बस का बुधवार को अचानक टायर फट गया। टायर फटने से बस अनियंत्रित हो गई और क्षतिग्रस्त हो गई जबकि चालक की सावधानी से बस में बैठी सभी सवारियां पूरी तरह से सुरक्षित रही। जानकारी के अनुसार सिरसा डिपो की रोडवेज बस बुधवार को कालांवाली से सिरसा के लिए रवाना हुई थी। जैसे ही बस गांव गदराना, लक्कड़वाली, आनंदगढ़, ख्योवाली से होती हुई गांव पन्नीवाला मोटा के पास नेशनल हाइवे पर पहुंची। तभी अचानक बस का टायर फट गया। टायर फटने से जोरदार धमाका हुआ और बस के अंदर-बाहर मिट्टी ही मिट्टी उठने लगी। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बस विद्यार्थियों व यात्रियों से खचाखच भरी हुई थी और बस में करीब 65 सवारियां थी। टायर फटने से बस बेकाबू हो गई। बड़ी मुश्किल से ड्राइवर ने स्थिति को संभाला, जिससे बस पलटने से बच गई। घटना के बाद सवारियों को दूसरी बस के माध्यम से सिरसा तक पहुंचाया।

**कार्यक्रम** टोल फ्री नंबर 1800-180-2087 पर भी करवा सकते हैं अपनी शिकायत दर्ज

## राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस: उपभोक्ताओं को अधिकारों के प्रति किया जागरूक

उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 के नियमों बारे में चर्चा करते हुए आमजन को जागरूक किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद



फतेहाबाद। राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस पर आयोजित जागरूकता कार्यक्रमों में जागरूक करते विभाग के कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस के अवसर पर जिला में खाद्य एवं पूर्ति विभाग के सभी पीआर केंद्रो, सभी डिपो स्थलों के साथ-साथ शिक्षा विभाग के सहयोग से उपभोक्ताओं को जागरूक करते हुए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान स्कूल के बच्चों द्वारा भाषण व गोष्ठी के माध्यम से उपभोक्ताओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने तथा अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने बारे प्रेरित किया गया।

विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों ने जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से उपभोक्ता संरक्षण संबंधी जानकारी विभिन्न बाजार से सामान खरीदने तथा खाद्य पदार्थों को खरीदते समय सचेत रहने व किसी प्रकार की धोखाधड़ी का शिकार न होने के प्रति जागरूक किया गया कि एक उपभोक्ता को किन-किन बातों का खरीदारी के समय ध्यान रखने की आवश्यकता होती है। उपभोक्ताओं को बताया गया कि नियमों की जानकारी के अभाव में ही उपभोक्ताओं को अनजाने में आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है जबकि विक्रेता उपभोक्ताओं की इस अज्ञानता का गलत फायदा उठाते हैं। इस तरह के कार्यक्रमों के माध्यम से खाद्य एवं पूर्ति विभाग प्रयासरत रहता है कि उपभोक्ता पूर्णतयाः जागरूक हो तथा उनके साथ किसी प्रकार की धोखाधड़ी न हो।

जिसमें उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 के नियमों बारे में चर्चा करते हुए आमजन मानस को जागरूक किया गया। उपभोक्ताओं को बताया गया कि उन्हें किसी प्रकार की कोई शिकायत हो तो जिला उपभोक्ता फॉर्म तथा टोल फ्री नंबर 1800-180-2087 पर भी अपनी शिकायत दर्ज करवा सकते हैं।

### अनेक स्कूलों में आयोजित हुए कार्यक्रम

राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस पर फतेहाबाद में पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भूना, राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भट्टू कलां, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रतिया, राजकीय संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय टोहाना व राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जाखल के स्कूलों में कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस कार्यक्रम में बच्चों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया तथा प्रतिभागी बच्चों को खाद्य एवं पूर्ति विभाग की ओर से पुरस्कार एवं सहभागिता प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए।

## खबर संक्षेप

### महिला से छीना झपटी करने वाला युवक काबू

**फतेहाबाद।** घर में घुसकर महिला से छीना झपटी करने के मामले में सदर फतेहाबाद पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवक की पहचान कुलदीप उर्फ डिल्लू पुत्र लीला राम निवासी गांव खारा खेड़ी के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके कब्जे से छीनी गई सोने की ताबीजी बरामद की है। थाना सदर फतेहाबाद के प्रभारी निरीक्षक प्रहलाद ने बताया कि 23 दिसंबर को गांव खारा खेड़ी निवासी कृष्णा पत्नी शिवलाल द्वारा दी गई शिकायत के आधार पर मामला दर्ज किया गया।

### लापता महिला का शव राज कनाल से बरामद

**सिरसा।** रानियां थाना क्षेत्र के गांव बणी से लापता महिला का शव राज कनाल नहर बरामद हुआ है। पुलिस के अनुसार मृतक महिला की पहचान गांव बणी निवासी रजनी के रूप में हुई है। शव राजस्थान क्षेत्र के बीघवाल के पास से गली-सड़ी अवस्था में मिला है। बताया जा रहा है कि मृतक रजनी बीती 15 दिसम्बर को अपने मायके में विवाह कार्यक्रम में भाग लेने आई थी और अगले ही दिन वह घर से लापता हो गई। परिजनों ने उसे काफी ढूंढा नहीं कोई सुराग नहीं मिला। गुमशुदगी की रिपोर्ट थाना में दर्ज करवाई गई। परिजनों के अनुसार रजनी पंजाब के फाजिल्का शहर में विवाहित थी। परिजनों ने बताया कि रजनी पिछले कुछ महीने से मानसिक रूप से परेशान चल रही थी।

### सुशासन दिवस पर कार्यक्रम आज

**सिरसा।** सुशासन दिवस के अवसर पर 25 दिसंबर को जिला प्रशासन द्वारा स्थानीय लघु सचिवालय में जिला स्तरीय समारोह का आयोजन किया जाएगा। समारोह में हरियाणा के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल होंगे। नगराधीश अजय सिंह ने बताया कि जिला स्तरीय समारोह के अलावा उपमंडल स्तर पर भी सुशासन दिवस मनाया जाएगा।

### पुलिस ने नशा पीड़ितों को किया चिह्नित

**चोपटा।** नाथूसरी चौपटा पुलिस ने क्षेत्र के विभिन्न गांवों में जाकर नशे से पीड़ित तीन युवकों को चिह्नित कर उनके ठिकानों पर दबिश देकर डिटेन किया गया। नाथूसरी चौपटा थाना प्रभारी ने बताया कि जमाल पुलिस चौकी ने तीनों युवकों को 172 बीएनएसएस के तहत डिटेन कर स्थानीय प्रशासन के सहयोग से दवाई दिलाकर उन्हें समाज की मुख्य धारा में लाने के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है।

### दादू में निकाला नगर कीर्तन

**कालांवाली।** गांव दादू में श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के अवतार दिवस पर नगर कीर्तन निकाला गया। नगर कीर्तन दौरान पंजाब का प्रसिद्ध ढाडी जत्था मघर सिंह भौंरा गोसलें वाले की तरफ से गुरू की गाथा सुना कर संगत को निहाल किया। गुरजंट सिंह रोडी के जत्थे ने कीर्तन के माध्यम से संगत को संबोधित करते हुए गुरु गोबिंद सिंह के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि गुरू जी ने अपनी सारी जिंदगी लोगों को प्यार, एक परमात्मा और भाईचारा सांझ का संदेश दिया है।

## पार्षद के खिलाफ एफआईआर दर्ज, जांच में जुटी पुलिस

# नपा की लैंड ब्रांच के नोटिफिकेशन सिजरे व भूमि का रिकॉर्ड गायब

**पार्षद के खिलाफ दो दिन पूर्व एंटी करप्शन ब्यूरो ने भी रिश्वत लेकर प्रोपर्टी आईडी बनाने का मामला दर्ज किया है**

**रतिया नगरपालिका के सचिव शुभम कुमार की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज किया। जल्द मामले का खुलासा होने की उम्मीद**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद/रतिया

रतिया नगरपालिका के कार्यालय से कोर्ट केस, जमीन और तकनीकी शाखा से जुड़े कई महत्वपूर्ण दस्तावेज गायब होने का मामला सामने आया है। इस संबंध में शहर थाना रतिया में एक पार्षद के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है और पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। यह शिकायत रतिया नगरपालिका के सचिव शुभम कुमार ने दर्ज करवाई है। दरअसल इस मामले में एक वीडियो सामने आया था। जिसके बाद नगरपालिका के रिकॉर्ड की गहन जांच की गई, तो पता चला कि काफी दस्तावेज गायब है। इसके बाद नगरपालिका की ओर से पुलिस अधीक्षक फतेहाबाद को भी रिकॉर्ड गुम होने की सूचना दी गई। बता दें कि इसी पार्षद के खिलाफ दो दिन पूर्व एंटी करप्शन ब्यूरो ने भी रिश्वत लेकर प्रोपर्टी आईडी बनाने का मामला दर्ज किया है।

इस बारे पुलिस को दी शिकायत में नगरपालिका रतिया के सचिव



पार्षद विजय कुमार।

शुभम कुमार ने कहा है कि नगरपरिषद रतिया द्वारा पुलिस अधीक्षक फतेहाबाद को नगरपालिका से रिकार्ड गुम होने की सूचना दी गई थी। इसके बाद नगरपालिका कार्यालय का कर्मचारियों द्वारा रिकार्ड चैक किया गया तो उसमें पाया गया कि नगरपालिका रतिया के कार्यालय में बने रूम नंबर 2 व 3 जिसमें कोर्ट केस ब्रांच, लैंड ब्रांच, चुनाव ब्रांच और तकनीकी शाखा है, में कोर्ट कोर्ट से सम्बंधित रखी महत्वपूर्ण फाइलों में से कई दस्तावेज गुम है। इसके अलावा लैंड ब्रांच के नोटिफिकेशन, सिजरे, लाल डोरे में नगरपालिका रतिया की भूमि से सम्बंधित रिकार्ड इत्यादि गुम है। इसके अलावा नगरपालिका रतिया के तकनीकी शाखा में रखे नगरपालिका रतिया से सबंधित महत्तवपूर्ण नक्शे भी गुम है। इस पर नगरपालिका सचिव ने इस बारे डीसी, एसपी, डीएमसी, डीएसपी रतिया व रतिया नगरपालिका प्रधान को पत्र लिखकर सूचना दी। सचिव ने पार्षद विजय कुमार पर इन दस्तावेजों को गायब करने का आरोप लगाया है। इस मामले में रतिया पुलिस ने पार्षद विजय कुमार के खिलाफ धारा 306 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बता दें कि इससे पहले गत दिवस एसीबी के इंस्पैक्टर सुखदेव सिंह की शिकायत पर पार्षद विजय कुमार के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। रतिया के वार्ड 15 निवासी हरप्रीत सिंह ने एसीबी को शिकायत देकर पार्षद पर इम्पलाइज कालोनी स्थित उसके प्लाट की प्रॉपर्टी आईडी की एनडीसी निकलवाने की एवज में 28 हजार रुपये रिश्वत मांगने का आरोप लगाया है।




रतिया। नगरपालिका कार्यालय। फोटो : हरिभूमि

### नगरपालिका से यह फाइलें हैं गुम

रतिया नगरपालिका कार्यालय से लैंड ब्रांच से नोटिफिकेशन, सिजरे, लाल डोरे में आने वाली नगरपालिका भूमि से संबंधित रिकॉर्ड भी नहीं मिला। तकनीकी शाखा में रखे नगरपालिका से जुड़े महत्वपूर्ण नक्शे भी गायब पाए गए हैं। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि रिकॉर्ड कैसे और किन परिस्थितियों में गायब हुआ तथा इसके पीछे किसकी भूमिका है।



फतेहाबाद। राष्ट्रीय कला उत्सव में भाग लेते गवर्नमेंट मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थी।

## राष्ट्रीय कला उत्सव में गवर्नमेंट मॉडल संस्कृति स्कूल फतेहाबाद के विद्यार्थियों ने रचा इतिहास

**फतेहाबाद।** महाराष्ट्र के पुणे में राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित कला उत्सव प्रतियोगिता में गवर्नमेंट मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल फतेहाबाद के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर चौथा स्थान प्राप्त करके हरियाणा प्रदेश का नाम पूरे भारत में रोशन किया है। गवर्नमेंट मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल, फतेहाबाद के प्रिंसिपल व शिक्षाविद् हरमिंद्र सिंह ने इस शानदार उपलब्धि पर स्कूल के प्रतिभाशाली छात्र कृष, आजाद सिंह, राकेश और कीर्ति को बधाई देते हुए कहा कि उनके स्कूल के बच्चों की मेहनत, लगन, आत्मविश्वास और जुनून से पूरे हरियाणा प्रदेश का मान और गौरव बढ़ाने का काम किया है। प्रिंसिपल हरमिंद्र सिंह ने हरियाणा के मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री व फतेहाबाद की डीईओ संगीता विश्नोई का विशेष रूप से धन्यवाद किया, जिनके मार्गदर्शन में यह उपलब्धि हासिल की गई। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में ठोस कदम उठाए जाने के बदौलत ही आज हरियाणा के विद्यार्थी राष्ट्रीय स्तर पर शानदार उपलब्धि हासिल कर रहे हैं। प्रिंसिपल ने कहा कि म्यूजिकल डिपार्टमेंट में कार्यरत नेहा शर्मा, सुशीला और पूर्व छात्र नरेंद्र के प्रयास से स्कूल के बच्चों ने इतिहास रच दिया। प्रिंसिपल हरमिंद्र सिंह ने कहा कि गवर्नमेंट मॉडल संस्कृति स्कूल फतेहाबाद शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी होने के साथ-साथ अन्य प्रतियोगिताओं में भी अपनी कामयाबी का झंडा फहरा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारा विद्यालय हरियाणा प्रदेश में अग्रणी स्थान पर आगे बढ़ रहा है और भविष्य में बड़ी से बड़ी उपलब्धियां हासिल करने में सक्षम बनेगा।

### सिटी सेंटर पर बच्चों की प्रतियोगिताएं 28 को

**सिरसा।** डबवाली रोड स्थित श्रीमत सिटी सेंटर द्वारा सामाजिक सरोकार के तहत आगामी 28 दिसंबर को बच्चों की विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाया जा रहा है। जिसमें बच्चे अपनी चित्रकला, नृत्यकला व फैंसी ड्रेस में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकेंगे। यह प्रतियोगिता 6 से 9 वर्ष और 10 से 14 वर्ष के आयुवर्ग के बच्चों की होगी। जिसका समय दोपहर एक बजे से सायं 5 बजे तक रहेगा। श्रीमत सिटी सेंटर के डायरेक्टर माधव जैन ने बताया कि इस मौके पर बच्चों को अपनी प्रतिभा के प्रदर्शन का भरपूर मौका मिलेगा। विजेता प्रतिभागियों के साथ-साथ हिस्सा लेने वाले सभी प्रतिभागी बच्चों को आकर्षक उपहार भी प्रदान किया जाएगा। इसके अलावा बच्चों के खेलकूद की अन्य गतिविधियां भी संचालित की जाएगी। इन प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए बच्चों को रजिस्ट्रेशन करवाना होगा, जोकि निःशुल्क है। उल्लेखनीय है कि डबवाली रोड पर श्रीमत टैक्सवर्थ प्राइवेट लिमिटेड की ओर से बहुमंजिला कमर्शियल-कम-रेजिडेंसियल मार्केट का निर्माण किया जा रहा है। महानगरीय तर्ज पर इस मार्केट में दोनों ओर दुकानें होगी और बीच में 18 मीटर चौड़ी सडक़ होगी।

## राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस पर लोगों को अधिकारों की प्रति किया जागरूक

- खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक ने लोगों को दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस पर खाद्य, नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता मामले विभाग द्वारा उपभोक्ताओ को जागरूक करने के लिए अनेक कार्यक्रम आयोजित किया गया जिनमें उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों के बारे विस्तार से बताया गया। जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक मुकेश कुमार ने बताया कि उनके विभाग की ओर से जिला शिक्षा विभाग के सहयोग से राजकीय विद्यालयों में उपभोक्ता अधिकारों के बारे में निबंध, क्विज व पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता करवाई गई। इसके अलावा जिले के सभी राशन डिपो पर उपभोक्ताओं के अधिकारों के बारे फ्लेक्स लगवाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में पी.आर. केंद्र सिरसा में भी कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें विभागीय अधिकारियों ने उपभोक्ताओं से कहा कि यह दिन हमें हमारे अधिकारों, कर्तव्यों और जागरूकता की याद दिलाता है।



सिरसा। कार्यक्रम में उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों के बारे विस्तार से बताते हुए।

## नशा तस्करी के खिलाफ अभियान, घर खंगाले

- पुलिस ने चलाया तलाशी अभियान, डॉग स्क्वॉड और कमांडो टीम रही साथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

नशा तस्करों की धरपकड़ को लेकर जिला पुलिस द्वारा आज गुरुनानक पूरा मोहल्ला, फतेहाबाद और रतिया में बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान चलाया। इस अभियान में डॉग स्क्वॉड टीम और कमांडो टीम की मदद ली गई। थाना शहर फतेहाबाद के प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्रा ने बताया कि गुरुनानक पूरा मोहल्ला में तलाशी अभियान के दौरान डॉग स्क्वॉड ने संदिग्ध स्थानों की प्रभावशाली निगरानी की। कमांडो टीम ने टीम के साथ मिलकर मकानों, दुकानों और गलियों में तलाशी ली, ताकि किसी भी प्रकार के अवैध वस्त्र, नशीले पदार्थ या अपराध से जुड़ी सामग्री पकड़ी जा सके। इस अभियान के दौरान स्थानीय पुलिस भी सक्रिय रूप से टीम का समर्थन करती रही, जिससे अभियान में तेजी और प्रभावशीलता बनी रही।

थाना शहर रतिया की प्रभारी महिला निरीक्षक पुष्पा ने बताया कि अभियान के दौरान टीम ने क्षेत्र में संदिग्ध स्थानों की जांच की, जिस दौरान किसी भी अवैध गतिविधि की जानकारी मिलने पर तुरंत आवश्यक कार्रवाई की गई। अभियान का उद्देश्य केवल अपराधियों को पकडऩा ही नहीं, बल्कि क्षेत्रवासियों को सुरक्षा का भरोसा दिलाना और अपराध की नकेल कसना भी था। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इस प्रकार के नियमित तलाशी अभियान जिले में अपराध नियंत्रण और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए निरंतर चलाए जाएंगे। ऐसे अभियान से अपराधियों में डर उत्पन्न होता है और आम नागरिकों में सुरक्षा की भावना मजबूत होती है। प्रभारी निरीक्षक ने स्पष्ट किया कि रतिया और फतेहाबाद पुलिस का मकसद अपराधियों को किसी भी हाल में राहत न देना और अपराध को जड़ से खत्म करना है। उन्होंने नागरिकों से भी अपील की कि वे संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी तुरंत पुलिस को दें।



फतेहाबाद। तलाशी अभियान चलाते पुलिस टीम।



फतेहाबाद। युवा कार्यकर्ताओं को रवाना करते बीजेपी जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा।

### ब्लड डोनेशन कैंप के लिए भाजपा कार्यकर्ता रवाना

**फतेहाबाद।** पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के उपलक्ष्य में पंचकूला में भाजपा द्वारा आयोजित अटल स्मृति मेगा ब्लड डोनेशन कैम्प में भाग लेने के लिए फतेहाबाद जिले से युवा कार्यकर्ताओं की टीम पंचकूला के लिए रवाना हुई। इस दल का नेतृत्व भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष बिट्टू गुर्जर ने किया। इस दल को भाजपा के जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यकर्ताओं को शुभकामनाएं देते हुए जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा ने बताया कि स्व. अटल बिहारी वाजपेयी का संपूर्ण जीवन राष्ट्र सेवा, सुशासन और मानवीय मूल्यों को समर्पित रहा है। उनके विचार आज भी भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए मार्गदर्शक हैं। रक्तदान जैसा पुनीत कार्य अटल जी को सच्ची श्रद्धांजलि है। जोड़ा ने कहा कि भाजपा केवल राजनीति नहीं बल्कि सेवा और समर्पण की विचारधारा है। युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं द्वारा बड़ी संख्या में इस अभियान में भाग लेना संगठन की मजबूती को दर्शाता है। प्रवीण जोड़ा ने विश्वास जताया कि युवा शक्ति के बल पर भारत आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र के रूप में विश्व पटल पर नई पहचान बनाएगा।

## लाखों रुपये की हेरोइन सहित दो तस्कर गिरफ्तार, केस दर्ज

- बाइक पर जा रहे थे, पुलिस ने नाकाबंदी कर पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

पुलिस ने नशा तस्करों पर शिकंजा कसते हुए सिरसा जिले क्षेत्र से दो तस्करों को लाखों रुपये की हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार पकड़े तस्करों की पहचान रवि कुमार व पीयुष निवासी चत्तरगढ़ पट्टी, सिरसा के रूप की गई है। एंटी नारकोटिक्स सेल प्रभारी राजेंद्र सिंह ने बुधवार को बताया कि पुलिस टीम गश्त के दौरान चतरगढ़ पट्टी क्षेत्र में मौजूद थी। इसी दौरान मोटरसाइकिल सवार दो युवक आते दिखाई दिए जो कि पुलिस को देखकर वापस मुड़ गए। पुलिस ने शक के आधार पर उनका पीछा किया और उन्हें काबू कर लिया। तलाशी लेने पर उनके कब्जे से 35 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। सेल प्रभारी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपियों के खिलाफ थाना सिविल लाइन सिरसा में मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर किया गया है। आरोपियों को अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया जाएगा। इसके अलावा सीआईए कालांवाली पुलिस ने जिले के गांव मटदादू क्षेत्र से हरप्रीत सिंह को 315 बोर का अवैध पिस्तौल सहित गिरफ्तार किया है। सीआईए कालांवाली प्रभारी सुरेश कुमार ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि गांव मटदादू में शराब ठेके के पास एक युवक संदिग्ध अवस्था में घूम रहा है। पुलिस ने मौके पर दबिश देकर युवक को काबू कर लिया और तलाशी ली तो उससे अवैध पिस्तौल मिली।



सिरसा। पकड़े गए नशा तस्कर पुलिस गिरफ्त में। फोटो : हरिभूमि

## पीएम कुसुम योजना में सोलर पंप के लिए किसानों से आवेदन मांगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

प्रधानमंत्री कुसुम योजना के अंतर्गत हरियाणा के किसानों के लिए 12 श्रेणियों के लगभग 8050 सोलर पंप लगवाने हेतू नये आवेदन पोर्टल के माध्यम से 25 दिसंबर से 29 दिसंबर तक आमंत्रित किए हैं। किसानों को 3 एचपी से 10 एचपी तक के उपलब्ध श्रेणी के सोलर वाटर पम्प 75 प्रतिशत सब्सिडी पर विभागीय शर्तों पर दिए जाएंगे। अतिरिक्त उपायुक्त अनुराग ढालिया ने बताया कि दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम में बिजली आधारित कृषि ट्यूबवैल के लिए जिन किसानों ने वर्ष 2019 से 2023 तक एक एचपी से दस एचपी तक बिजली आधारित कृषि ट्यूबवैल कनेक्शन अप्लाई किया हुआ है, उन्हें प्राथमिकता दी जाएगी। बिजली आधारित कनेक्शन के मौजूदा लाभाथियों को सौर ऊर्जा पंप का कनेक्शन लेने के लिए प्राथमिकता दी जाएगी। परंतु उन्हें मौजूदा बिजली कनेक्शन समर्पण करना पड़ेगा। उन्होंने बताया कि इस वर्ष के लक्षित लाभाथियों का चयन परिवार की वार्षिक आय पर व भूमि धारण के आधार पर होगा। एडीसी ने बताया कि किसान के पास परिवार पहचान पत्र तथा उसके अपने नाम पर कृषि भूमि होना अनिवार्य है। एक परिवार पहचान पत्र में एक ही सदस्य एक बार लाभ ले सकता है, यदि परिवार में पहले सोलर पम्प ले लिया है और बिजली आधारित कनेक्शन हो तो वह इसका फायदा नहीं ले सकता।

### केलनियां में लगाया निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर

**सिरसा।** नेशनल कॉलेज ऑफ एजुकेशन की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने बुधवार को गांव केलनियां में एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर एवं स्वास्थ्य जागरूकता शिविर लगाया। यह शिविर सिविल अस्पताल की मेडीकल टीम के सहयोग से आयोजित किया गया। जिसमें ग्रामीणों, विशेषकर महिलाओं, बुजुर्गों एवं जरूरतमंद लोगों ने भाग लिया। कॉलेज प्राचार्या डॉ. पूनम मिगलानी ने बताया कि नेशनल कॉलेज ऑफ एजुकेशन शिक्षा के साथ साथ सामाजिक उतरदायित्व निभाने के लिए सदैव प्रतिबद्ध है। इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविर लोगों को समय पर जांच एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस शिविर के दौरान ग्रामीणों की मधुमेह, रक्तचाप एवं सामान्य स्वास्थ्य जांच की गई। इसके साथ ही आईसीटीसी काउंसलर कमल निर्वाण ने सभी ग्रामीणों एनएसएस वोलंटीयरस तथा स्टाफ सदस्यों को पोषण संतुलित आहार, एचआईवी व अन्य विषयों की जानकारी दी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9315429403, 9253681005, 7988727916

## ऑल इंडिया अरोड़ा खत्री पंजाबी कम्युनिटी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी घोषित

# ज्योति को राष्ट्रीय उपाध्यक्षा व परमजीत को राष्ट्रीय महासचिव बनाया

*पदाधिकारियों ने संगठन को आगे बढ़ाने की शपथ ली*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

ऑल इंडिया अरोड़ा खत्री पंजाबी कम्युनिटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष साहिबदयाल वधवा ने राष्ट्रीय कार्यकारिणी की घोषणा कर दी है। इसमें हिसार निवासी राष्ट्रीय महासचिव अधिवक्ता ज्योति कमल हांडा को राष्ट्रीय उपाध्यक्षा एवं डबवाली निवासी राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष परमजीत कोचर को राष्ट्रीय महासचिव की अहम जिम्मेवारी सौंपी गई है। इसके अलावा फतेहाबाद निवासी हरियाणा-पंजाब व चंडीगढ़ के कानूनी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट राजिंद्र कुमार कुकरेजा, हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष औम प्रकाश चुघ व श्री गंगानगर निवासी राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष रजनेश बहल को राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्यों के रूप में नई जिम्मेदारी सौंपी है। नव चयनित सभी पदाधिकारियों का कार्यकाल 1 जनवरी से 31 दिसम्बर 2026 तक का रहेगा। नव नियुक्त सभी पदाधिकारियों ने ऑल इंडिया अरोड़ा खत्री पंजाबी कम्युनिटी के संस्थापक कमल हांडा, राष्ट्रीय अध्यक्ष साहिबदयाल वधवा व राष्ट्रीय परिषद का उन्हें अहम जिम्मेवारी देने पर धन्यवाद किया व विश्वास दिलाया कि जिस उम्मीद से उन्हें यह जिम्मेदारी दी गई है वे तन-मन-धन से इस जिम्मेवारी को पूरा करने का कार्य करेंगे वह संगठन को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का कार्य करेंगे।



फतेहाबाद। साहिबदयाल वधवा, ज्योति कमल हांडा, परमजीत कोचर, राजेन्द्र कुकरेजा, औम प्रकाश चुघ, रजनेश बहल।

### कार्यकारिणी सदस्यों को दी बधाई

नवनियुक्त सभी राष्ट्रीय पदाधिकारियों का हरियाणा चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. संजय मुंजाल, प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश अरोड़ा, प्रदेश प्रवक्ता विनोद अरोड़ा, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य पार्षद रविंद्र महता, राखी मक्कड़, फतेहाबाद जिला अध्यक्ष धर्मपाल चावला सहित सभी पदाधिकारियों, सदस्यों तथा समाज के गणमान्य व्यक्तियों ने खुशी का इजहार करते हुए संगठन एवं समाज हित में उचित निर्णय बताया।